an>

Title: Need to allot land for construction of Mahalakshmi Mata Temple in Devnar Village of Mumbai-South-Central Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई साउथ सेंट्रल के देवनार गांव में सौ साल पुराना महालक्ष्मी माता का मन्दिर है, जहां हज़ारों श्रद्धालु पूजा-पाठ करते हैं। प्रत्येक वÂ◌ाऩ यहां पर एक यात्रा भी निकाली जाती है। वÂ◌ाऩ 1960 में इस मन्दिर के आस-पास की भूमि केन्द्र सरकार ने विकास के लिए खरीदी और वहां भूमि अधिग्रहण कर ली। वÂ◌ाऩ 1965 में यहां पर सिर्फ एक टेलीकॉम फैक्ट्री चल रही थी तथा इस ज़मीन का बहुत बड़ा भू-भाग खाली पड़ा है।

देवनार गांव के लोगों ने इस सौ साल पुराने महालक्ष्मी माता मन्दिर के विस्तार और एक मण्डप बनाने के लिए केन्द्र सरकार से 2,902 वर्ग गज भूमि 'देवनार ग्रामस्थ महालक्ष्मी देवालय ट्रस्ट' को ट्रांसफर करने के लिए वÂ◌ा◌ा◌ॅ पहले एक ज्ञापन केन्द्र सरकार को दिया था, परन्तु इस प्रस्ताव पर अभी तक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि शीघ्र ही देवनार देवालय ट्रस्ट को 2,902 वर्ग गज भूमि ट्रांसफर करे, जिससे इस मन्दिर का पुनरूद्धार और पुनर्निर्माण हो सके।